# गरीबों के निवाले पर डाका, गांव में जांच टीम पहुंचाई!

**नवभारत न्यूज**

खंडवा। गरीबों का निवाला कागजों में अटका हुआ है। इन्हें 3 महीने का मुफ्त अनाज नहीं मिला। लोग भटक रहे हैं। इन गरीबों की मुसीबत छोटी लगती है, लेकिन जमीनी हकीकत समझाने पर हालात भूखे मरने जैसे हैं। सरकार ने इंतजाम किया, फिर भी इन तक क्यों राशन नहीं पहुंच पा रहा है? अधिकारी ऐसी संवेदनशील योजना पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। या फिर बीच में ही उनकी रोटी बड़े लोगों के पेट में जा रही है। खंडवा में जिला खाद्य अधिकारी को ज्ञापन देने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

**नहीं मिला 3 महीने का मुफ्त अनाज** –यह शिकायत लेकर बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत चिचखेडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम



बोरखेड़ा कला के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे थे। उनका आरोप था कि बीते तीन माह से उन्हें मुफ्त राशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में खाद्य आपूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि, राशन दुकानदार उन्हें राशन के लिए भटकाया जा रहा है। उन्हें अब तक भी 3 महीने का मुफ्त मिलने वाला राशन नहीं दिया गया है।

**जांच टीम गांव में पहुंची**

शिकायत मिलते ही तुरन्त फूड विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे, और इस मामले की जांच शुरू करते हुए शाम तक ही सभी को राशन उपलब्ध कराने का वादा किया है कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार दोपहर बड़ी संख्या मे ग्राम बोरखेड़ा कला और ग्राम पंचायत चिचखेडा के ग्रामीण राशन नही दिए जाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे।

**आरोप: सेल्समेन पर**– ग्रामीणों का आरोप था कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री अन्न योजना के अंतर्गत मिलने वाला, तीन महीने का मुफ्त राशन उन्हें अब तक नहीं दिया गया है। जब वे राशन लेने जाते हैं, तो दुकानदार उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर बगैर अनाज दिए लौटा देता है। ज्ञापन देने आए ग्रमीणों में से चंद्र राठौर का कहना था कि अगर उन्हें जल्द ही राशन नहीं मिला तो वे क्या खाएंगे।

**गांव में जांच के लिए टीम भेजी**– जिला खाद्य अधिकारी अरुण तिवारी ने बताया कि, खाद्य विभाग ने फूड इंस्पेक्टर रोहित देवल के नेतृत्व में एक टीम गांव भेजी है। इस मामले में खाद्य विभाग के पोर्टल पर भी राशन बांटने में अनियमितता देखी थी।

## मुरैना में बैरक में लटका मिला आरक्षक का शव

**मुरैना.** मुरैना जिले में तैनात एक पुलिस आरक्षक ने बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान रविंद्र शर्मा के रूप में हुई है जो डबरा का रहने वाला था और पिछले करीब डेढ़ महीने से एसएएफ की पांचवीं वाहिनी में पदस्थ था. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है इसलिए आत्महत्या की वजह क्या रही इस बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका है. घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रशिक्षण बैरक नंबर एक में हुई. जैसे ही साथियों ने आरक्षक को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई. पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा.

# बहू ने ही की थी सास की हत्या

- साथियों के साथ सास को लूटने का प्लान बनाया था
- पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा, 7 अगस्त. परासिया क्षेत्र में वृद्धा के साथ लूट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतिका की बहू सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उक्त मामले का खुलासा किया.**

रिश्तेदार के साथ मिलकर बहू ने अपनी सास को लूटने का प्लान बनाया था. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि परासिया के वार्ड न. 16 न्यू चीफ हाउस में रहने वाली विमला पति स्व. द्वारकाप्रसाद सनोडिया 66 वर्ष खुद के मकान के बीच वाले कमरे



के सोफे की कुर्सी में मृत हालत पड़ी है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस ने पाया कि मृतिका विमला का धारदार हथियार से गला रेता गया है कमरे में रखी आलमारी से रूपए और जेवर लूटे गए है साथ ही वृद्धा के गले, कान, नाक से जेवर निकाले गए है.

**सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध को दबोचा :** पुलिस की अलग-अलग टीम गठित की गयी, सीसीटीवी फुटेज, आसूचना संकलन, घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान उपस्थित आस पास के लोगो से पटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ की गयी, घटनास्थल पर पाए गए अन्य भौतिक साक्ष्यो को एकत्र किये गये, पढनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज चेक किए. इसमें घटना स्थल पर एक बाइक व संदेहियों की गतिविधि दिखाई दी, साथ ही मृतिका के घर अभिषेक श्रीवास्तव निवासी बाजार चौक चांदामेटा के मृतिका के घर आने जाने की सूचना प्राप्त हुई. संदेहों अभिषेक श्रीवास्तव को तलाश कर दबिश घेराबंदी कर बाज़ार चौक चांदामेटा से पकड़कर अभिरक्षा में लिया. पूछताछ पर संदेही अभिषेक श्रीवास्तव के द्वारा पुलिस को बताया गया कि मृतिका विमला सनोडिया की बहु कल्पना सनीलिया का रिश्ते में दूर का भतीजा लगता है,

## अमरकंटक के सावित्री सरोवर (डेम) में युवक का मिला शव, फैली सनसनी

**अमरकंटक.** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक के सोनमुड़ा रोड पर स्थित सावित्री सरोवर (डेम) में गुरुवार सुबह लगभग 6.30 बजे एक युवक मुंह के बल औंधा पड़ा शव पानी के ऊपर किनारे कुछ लोगों द्वारा देख क्षेत्र में हड़कंप स मच गया. वार्ड पार्षद को खबर मिलते ही तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. मौके पर थाना प्रभारी एल बी तिवारी तथा उनकी टीम पहुंच शव को डेम से बाहर निकालकर जांच में लिया .पुलिस उपनिरीक्षक पी.एस. बघेल ने बताया कि मृतक की पहचान लव कोहली (27 वर्ष) हैं.

# तारों में फंसी मौत : छात्र की करंट से मौत

**स्कूल जा रहे था बालक, फेंसिंग में फैला था करंट**

**गुना, 7 अगस्त. जिले की ऊमरी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले भिंडरा गांव में गुरुवार सुबह एक मासूम की जान सिर्फ इसलिए चली गई क्योंकि बिजली विभाग ने जिम्मेदारी समय पर नहीं निभाई.**

गुरुवार सुबह साइकिल से स्कूल जा रहे 12 वर्षीय छात्र अरविंद सहरिया की तार फेंसिंग में फैले करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में एक और बालक गंभीर रूप से घायल हो गया. गांव के लोगों का कहना है कि स्कूल के पास जहां तार फेंसिंग का काम चल रहा है, वहीं ऊपर से गुजरने वाली बिजली की डीपी की केबल पहले से ही टूटी हुई थी. कई बार इसकी शिकायत विभाग को दी गई, लेकिन न सुधार हुआ, न कोई कार्रवाई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अरविंद पुत्र राजू सहरिया और अतुल पुत्र बद्री सहरिया साइकिल से स्कूल जा रहे थे. तभी रास्ते में लगे फेंसिंग के तारों के संपर्क में आ गए, जिन पर टूटी केबल के कारण करंट दौड़ रहा था. अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अतुल गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गांव में इस घटना के बाद गुस्सा फूट पड़ा है.

> सरपंच प्रतिनिधि गिरिराज धाकड ने बताया कि इससे पहले भी गांव में करंट से भैंस की मौत हो चुकी है, और कई छोटे हादसे हो चुके हैं. लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों को लगातार शिकायतें देने के बावजूद उन्होंने इस समस्या को नजरअंदाज किया, जिसका नतीजा बच्चे की मौत के रूप में सामने आया है. मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस मामले की जांच में जुटी है. गांव के लोग अब प्रशासन से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

- तीन आरोपियों को दबोचा मोबाइल और नकदी बरामद

**सौसर/छिंदवाड़ा, 7 अगस्त. एटीएम बदलकर ठगी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को सौसर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**

तीनों आरोपी अलग अलग राज्य के निवासी है तथा उन्होंने हाल ही में क्षत्रपति शिवाजी चौक स्थित स्टैट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन में एटीएम बदलकर अन्य एटीएम से रूपये निकालने की घटना को अंजाम दिया था. टीआई रूपलाल उईके के मुताबिक एटीएम परिसर में लगे



सीसीटीवी एवं सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर की गई जांच में अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली 26 साल निवासी रनियला खुर्छ जिला पलवल हरियाणा, वीरेंद्र पिता गोपाल सिंह गुर्जर 33 साल निवासी कनवाडी थाना कामों जिला डिंग राजस्थान, अमन पिता नसीम खान 21 साल गोपाल गंज थाना लखनवाड़ा सिवनी के लिप्त होना पाया गया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 1000 रुपए नगद तथा मोबाईल जप्त किया गया है.

**ऐसे दिया घटना को अंजाम**

19 जून को नगर के वार्ड नंबर 10 कडु कालोनी निवासी अन्नपूर्णा सिंह, ने रिपोर्ट कराई कि नया कार्ड आने से 17 जून को लड़की के साथ जाकर एटीएम से कार्ड चालू कराकर 100 व 900 रुपए निकालने के पश्चात् एटीएम में खड़े दो अन्य लड़के ने मिनी स्टेटमेंट चेक करने का कहा. इस दौरान दोनों लड़को ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदल दिया.बारी-बारी से अलग-अलग एटीएम से 73000 रुपए मेरे खाते से निकाल लिये. पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया था.

# प्रधानाध्यापक पर लगा छेड़छाड़ का आरोप

**पुलिस ने किया गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल**

**नाबालिग युवतियों के साथ की थी गलत हरकत**

**पिपलियामण्डी, 7 अगस्त. मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पिपलिया सोलंकी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक के स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ और गलत हरकत करने का मामला सामने आया है.**

घटना के बाद आक्रोशित परिजन एकत्रित होकर पुलिस थाने पहुँचे ओर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग की.

> **ग्रामीणों ने थाने में की थी शिकायत**
>
> गुरुवार को दोहपर 1 बजे परिजन मल्हारगढ़ थाने पहुंचे और शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि पिपलिया सौलंकी के ग्रामीणों ने बच्चों के साथ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई की प्राथमिक स्कूल के शिक्षक ने बच्चों के साथ गलत हरकत की है आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट छेड़खानी सहित कई गंभीर धाराओं ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है. मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने के आदेश हुए है.

परिजनों का आरोप था कि शिक्षक फूल मोहम्मद पिता रजी हैदर पठान उम्र 55 निवासी ईदगाह मार्ग मल्हारगढ़ स्कूल में बालिकाओ के साथ छेड़छाड़ करता है. साथ गंदी हरकते करता है. जब बालिकाओ ने घर आकर बताया तो पहले तो विश्वास नही हुआ लेकिन जब पता लगाया तो बात सही निकली. पीड़ित बालिकाएं 3, 4 व 5 कक्षा की है जानकारी के अनुसार चार से पांच नाबालिग लड़कियों ने अपने परिजनों को बताया कि स्कूल के शिक्षक ने हमारे साथ बेड टच किया है.

# बिना मूल्याकंन के नवीन पंचायत भवन की निकली लाखों की राशि

- ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच-सचिव पर आरोप

**सीधी, 7 अगस्त. भ्रष्टाचार का पर्याय बनी ग्राम पंचायत खोरी लम्बे अर्से से सुर्खियों में बनी हुई है. भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे सरपंच-सचिव पर सत्ता के संरक्षण का आरोप लगाया जा रहा है.** जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच-सचिव पर फिर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है. बिना मूल्याकंन के नवीन पंचायत भवन की लाखों की राशि निकली गई. वहीं घटिया निर्माण के चलते चंद महीने में बरसात में पीसीसी सडक़



बह गई. ग्राम पंचायत खोरी में अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) का निर्माण कार्य अधूरा है और राशि का आहरण शुरू हो गया है. सचिव कौशलेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में नवीन पंचायत भवन का कार्य चल रहा है. रेता, गिट्टी, सीमेंट निर्माण सामग्री का कुछ भुगतान किया गया है.

# जीवाजी की जमीन पर 100 करोड़ की कॉलोनी

## कब्जा मुक्त कराने की लड़ाई कागजों में, अब 30 साल बाद नोटिस

**ग्वालियर, 07 अगस्त. जीवाजी विश्वविद्यालय की बहुमूल्य जमीन पर फर्जी तरीके से कॉलोनी बसाने और अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है. जमीन को लेकर विवाद कोई नया नहीं है, लेकिन अब 30 साल बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने धारा 248 के तहत नोटिस जारी कर कार्रवाई की पहल की है, जिससे कैलाश नगर कॉलोनी में हड़कंप मच गया है.**

जानकारी के अनुसार, 1965 में शासन ने भूमि अधिग्रहण कर विश्वविद्यालय को जमीन सौंपी थी. लेकिन 28 साल पहले एक समिति ने 6 बीघा जमीन पर




कॉलोनी काटकर 65 प्लॉट बेचे, जिनकी कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है. इनमें से 33 प्लॉट पर बंगले और आलीशान मकान बन चुके हैं, जबकि शेष खाली पड़े हैं या अतिक्रमण की चपेट में हैं.

प्रवक्ता विमलेंद्र राठौड़ के अनुसार, साल 2000 से अब तक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 25 से अधिक बार प्रशासन को पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन 12 कुलपति और 15 रजिस्ट्रार बदलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी. 2016 में सीमांकन के बाद स्पष्ट हुआ कि यह जमीन जीवाजी विश्वविद्यालय की है. 2018 में खाली प्लॉटों को कब्जा मुक्त कराने के लिए समिति बनी, लेकिन 7 साल बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला.

**अब मानवीय पहलू पर बहस**

कॉलोनी में बसे लोगों का कहना है कि उन्होंने समिति से प्लॉट खरीदकर विधिवत रजिस्ट्री कराई थी और नियमों के तहत निर्माण भी किया है.

# दलित युवती के सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपी गिरफ्तार

- चुरहट थाना क्षेत्र के जंगल में हुई थी वारदात

**सीधी, 7 अगस्त. चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा के पास जंगल में एक दलित युवती के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म की वारदात में शामिल चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को जिला जेल भेज दिया गया है.**

आरोपियों में कृष्ण मुरारी रावत उर्फ शोले कठौतहा, लोले यादव मर्चवार बढ़ौरा, धीरेश विश्वकर्मा चूल्ही और विकास रावत कठौतहा शामिल हैं. मालूम रहे कि पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने दबिश कार्रवाई में बुधवार शाम को ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि चौथे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को देर गिरफ्तार करने में सफलता मिली. घटना के दौरान पीड़िता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने व फोटो खिंचवाने गई थी. तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे अपने दोस्त के साथ बरिगवा गांव की तरफ गई थी.

# मुख्यमंत्री योजनाओं से गोवंश संवर्धन व दुग्ध उत्पादन में तेजी

**भोपाल, 7 अगस्त. पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा है कि मध्य प्रदेश गो-संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन गया है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस दिशा में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है. उन्होंने मंत्रालय में मध्यप्रदेश गो संवर्धन बोर्ड और राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की.

**योजनाओं से बढ़ा गोवंश और दूध उत्पादन :** राज्य में मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना, कामधेनु निवास योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम, और नस्ल सुधार कार्यक्रम लागू हैं. इससे गोवंश के पालन के साथ



दुग्ध उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है. स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना नीति के तहत 28 स्थान चिन्हित किए गए हैं और 8 स्वयंसेवी संस्थाओं को भूमि आवंटित की जा चुकी है. योजना में 5000 से अधिक गोवंश के पालन पर 130 एकड़ तक भूमि दी जा सकती है. चारा-भूसा अनुदान योजना के तहत इस वित्त वर्ष में गौशालाओं को 133.35 करोड़ दिए गए हैं. गत वर्ष यह राशि 270.40 करोड़ थी. इस बार प्रति पशु अनुदान राशि बढ़ाकर 40 प्रतिमाह कर दी गई है. प्रदेश में 2942 गौशालाएं पंजीकृत हैं, जिनमें 2828 संचालित हैं. यहां 4.22 लाख गोवंश का पालन हो रहा है. पिछले वर्ष 623 नई गौशालाएं जुड़ीं, जिनमें 596 मनरेगा से बनीं और 27 स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित हैं.

> मंत्री पटेल ने गौशालाओं में बिजली-पानी जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी गोवंश की टैगिंग अनिवार्य हो. गौशाला की गायों और निराश्रित गायों के लिए अलग-अलग रंग के टैग हों. इसके लिए एक विशेष प्रकार की चिप विकसित की गई है, जिससे हर गाय की जानकारी आसानी से डिजिटल रूप से मिल सकेगी. साथ ही नियमित भौतिक सत्यापन के निर्देश भी दिए गए हैं. मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना के तहत प्रदेश के बैगा, सहरिया और भारिया जनजाति क्षेत्रों में 90 प्रतिशत अनुदान पर दो-दो मुर्रा भैंस/गाय दी जा रही है.

# पन्ना में पहली बार बलराम जयंती पर होगा सांस्कृतिक आयोजन

- जन्माष्टमी पर भी भव्य प्रस्तुतियों की तैयारी

**पन्ना, 7 अगस्त. प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध पन्ना शहर इस बार एक ऐतिहासिक पहल का साक्षी बनने जा रहा है. बलदाऊ जी मंदिर में बलराम जयंती के अवसर पर 14 अगस्त को पहली बार संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.**

इसके साथ ही 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पूर्व वर्षों की भांति श्रीकृष्ण पर्व मनाया जाएगा. इन आयोजनों में आमंत्रित कलाकारों द्वारा विविध लोक व भक्ति प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी. बलराम जयंती के अवसर पर छतरपुर की कमला लोधी द्वारा भक्ति गायन, सीधी के लाल बहादुर घासी द्वारा घसिया बाजा तथा जबलपुर के स्वप्निल मैलोडी ग्रुप द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुत किया जाएगा. वहीं, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सागर के अमित घारू द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य तथा टीकमगढ़ के पवन तिवारी द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति होगी.

इन आयोजनों के सफल संचालन हेतु कलेक्टर सुरेश कुमार ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है.

**चहलकदमी** कूनो नेशनल पार्क से निकले चीते हसनपुर गांव पहुंचे, ग्रामीणों में दहशत

# गांव पहुंची चीतों की जोड़ी, बछड़े को बनाया शिकार

**शिवपुरी/कराहल, 7 अगस्त. कूनो नेशनल पार्क से निकलकर दो चीते कराहल जनपद की ग्राम पंचायत जाखदा के गांव हसनपुर पहुंच गए. खेतों के रास्ते गांव में दाखिल हुए इन चीतों में एक मादा चीता गामिनी और उसका शावक शामिल है.**

गांव में घुसते ही उन्होंने पप्पू पटेलिया के घर के पास बंधे एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया. यह पूरा घटनाक्रम ग्रामीणों ने दूर से वीडियो में कैद कर लिया, जिसमें एक चीता बछड़े का मांस खाता दिख रहा है जबकि दूसरा वहीं पास में आराम कर रहा है. घटना के बाद से गांव में भय और दहशत का माहौल बन गया. लोग घरों से बाहर नहीं निकले.

गांव वालों द्वारा दी गई सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निगरानी शुरू की. अधिकारियों ने तत्काल दोनों चीतों की लोकेशन ट्रैक कर उन्हें गांव से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू की. कूनो के सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि चीतों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और उन्हें सुरक्षित तरीके से सेंचुरी में लौटाने के प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि जिस ग्रामीण का बछड़ा चीतों का शिकार बना है, उसे मुआवजा दिया जाएगा. साथ ही, गांव के आसपास गश्त भी बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो.

घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है. ध्रुव मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि कूनो सेंचुरी की सीमाओं को और अधिक सुरक्षित किया जाए ताकि वन्यजीव आबादी क्षेत्र में प्रवेश न कर सकें. ग्रामीणों ने यह भी सुझाव दिया कि वन विभाग को गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए जिससे लोग समझ सकें कि ऐसे हालात में कैसे सतर्क और सुरक्षित रहा जाए.

> **बाघ के हमले में युवक की मौत**
>
> कटनी. बरही वन परिक्षेत्र के बिचपुरा बीट में बाघ के हमले में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई. इस घटना से पूरे इलाके में दहशत है. सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. बाघ ने हमला उस वक्त किया है जब युवक मवेशी चराने के लिए जंगल में गया था. खबर है कि बिचपुरा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे के लगभग अपने मवेशियों को जंगल में चराने गए थे. जब वह मवेशियों को चराते हुए आगे बढ़ रहा था. इस दौरान झाडियों में घात लगाए बैठे बाघ ने धर्मेन्द्र पर हमला कर दिया. हमले में धर्मेन्द्र के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई. कुछ देर बाद गांव के अन्य लोग जंगल की ओर से गुजरे तो उन्होने धर्मेन्द्र को खून से लथपथ हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए, उन्होने कुछ दूर पर एक मवेशी को भी मृत देखा, खबर मिलते ही वन विभाग के रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बरही अस्पताल भेज दिया है.

# पटवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विधेयक पर विचार करने की मांग

**भोपाल, 7 अगस्त. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्टाम्प शुल्क के मुद्दे पर सरकार को घेरा है. गुरूवार को पटवारी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है. पटवारी ने जारी किए गए अपने बयान में गंभीर आरोप भी लगाए हैं.**

पटवारी ने कहा कि विधानसभा में पारित किए गए भारतीय स्टाम्प (म.प्र. संशोधन) और अन्य विधेयकों के जरिए सरकार ने साफ कर दिया है कि अब वह इस बोझ सीधे जनता पर लादने जा रही है. जरूरी दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में 100 प्रतिशत से लेकर 500 प्रतिशत तक की



बढ़ोतरी कर दी गई है. शपथ पत्र, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट, पावर ऑफ अटॉर्नी, लाइसेंस, रजिस्ट्रियों में सुधार जैसे तमाम बुनियादी कागजातों पर अब आम नागरिक को पहले से कई गुना ज्यादा कीमत चुकानी होगी. पटवारी ने कहा कि ने कहा कि यह सरकार अब जनता के लिए जरूरी दस्तावेजों को भी लक्ज़री आइटम बना रही है. क्या अब किसी गरीब को किरायानामा या किसी किसान को बंटवारे का सहमति पत्र बनवाना भी भारी आर्थिक बोझ बन जाएगा. क्या यही आपकी सुशासन नीति है. पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब उसकी माली हालत सुधारने के लिए जनता को निचोड़ा जा रहा है. साथ ही यह भी पूछा कि जब सरकार खुद हर महीने कर्ज ले रही है, साढ़े चार लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज प्रदेश के सिर पर है. योजनाएं 50 प्रतिशत कमीशन की भेंट चढ़ रही हैं और मंत्रियों की हवाई यात्राओं, कारों, बंगलों और प्रचार पर करोड़ों फूंके जा रहे हैं, तो उसकी भरपाई जनता क्यों करे.